भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 962
05 **दिसंबर**, 2025 **को उत्तर के लिए**

राष्ट्रीय कैडैट कोर में कैडेटों का नामांकन

962. **डॉ. भोला सिंह**:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) में नामांकित कैडेटों की कुल संख्या कितनी है और यह संख्या किस प्रकार बढ़ी है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान नामांकित बालिका कैडेटों की कनिष्ठ डिवीजन/वरिष्ठ डिवीजन-वार संख्या कितनी है और उनका प्रतिशत कितना है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान स्वीकृत/चल रही नई एनसीसी इकाइयों की संख्या कितनी है और उनका भौगोलिक कवरेज कितना है;

(घ) सरकार द्वारा एनसीसी में बालिकाओं की अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने और महिला कैडेटों के लिए अवसंरचना को मजबूत करने के लिए क्या उपाए किए गए हैं; और

(ङ) कैडेटों को बनाए रखने, उन्हें नेतृत्व की भूमिका की ओर अग्रसर करने और उनकी प्रगति के फलस्वरूप उनके सशस्त्र बलों में शामिल होने सम्बंधी मूल्यांकन हेतु स्थापित अनुवर्ती निगरानी प्रणालियों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय सेठ)

(क) और (ख): नामांकित एनसीसी कैडेटों की संख्या और बालिका कैडेटों का प्रतिशत निम्नवत है:

वर्ष	**कुल नामांकित कैडेटों की संख्या**	**वरिष्ठ विंग बालिकाएं**	**कनिष्ठ विंग बालिकाएं**	**बालिका कैडेटों का कुल नामांकन**	**बालिका कैडेटों का प्रतिशत**
2021	1464727	229005	291021	520026	35.50
2022	1481279	234490	294850	529340	35.74

2023	1514518	252602	308109	560711	37.02
2024	1533866	268774	327966	596740	38.90
2025	1558199	282579	351225	633804	40.68

(ग): पिछले पांच वर्षों के दौरान, जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख संघ राज्य क्षेत्रों में कुल 04 (चार) एनसीसी इकाइयों का गठन किया गया है।

(घ): किए गए उपायों में प्रशिक्षण अवसंरचना का उन्नयन, महिला कैडेटों को प्रशिक्षण के समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए एनसीसी पाठ्यक्रम और ड्रिल मोड्यूल का मानकीकरण, महिला एसोसिएट एनसीसी अधिकारियों (एएनओ) और स्थायी कमीशन प्राप्त अधिकारियों की संख्या में वृद्धि और महिला एएनओ, महिला अधिकारी, कैम्पस में प्रशिक्षित महिला अनुदेशक और महिला चिकित्सा स्टाफ की अनिवार्य उपस्थिति शामिल हैं।

(ङ): सशस्त्र बलों में एनसीसी कैडैटों की भर्ती और सेवाओं में उनकी आगे की प्रगति से संबंधित विवरण तीनों सेनाओं द्वारा रखे जाते हैं।

****